[20/A-26]

No. of printed page: 02

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**B. A. (II Semester) Examination**
**2016**
**Monday, 4$^{th}$ April**
**10.30 am - 1.30 pm**
**UA02CHLT03 - आधुनिक हिन्दी काव्य (काव्य कलश)-III**

**कुल गुण : ७०**

**नोंध** : सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

प्र.१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(किन्हीं तीन)** (१५)

१. हिमाद्रि तुंग श्रृंग से
प्रबुद्ध शुद्ध भारती
स्वयंप्रभा समुज्जवला
स्वतंत्रता पुकारती
अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ़-प्रतिज्ञ सोच लो,
प्रशस्त पुण्य पंथ, बढ़े चलो, बढ़े चलो ।

२. गये, लौट भी वे आवेंगे
कुछ अपूर्व-अनुपम लावेंगे,
रोते प्राण उन्हें पावेंगे ?
पर क्या गाते-गाते ?
सखि वे मुझसे कहकर जाते ।

३. नहीं बजती उसके हाथों में कोई वीणा,
नहीं होता कोई अनुराग-राग-आलाप
नूपुरों में भी रुबझुन रुबझुन वहीं,
सिर्फ एक अव्यक्त शब्द-सा 'चुप, चुप, चुप'
है गूँज रहा सब कहीं -

४. एक चादर साँझ वे सारे नगर पर डाल दी
यह अँधेरे की सड़क उस भोर तक जाती तो है ।

५. मृदु मिट्टी के हैं बने हुए
मधु घट फूटा ही करते हैं,
लघु जीवन लेकर आये हैं,
प्याले टूटा ही करते हैं,
फिर भी मदिरालय के अन्दर
मधु के घट हैं, मधु प्याले हैं ।

प्र.२ 'दोनों ओर प्रेम पलता है' कविता में कवि दीपक और पतंगा के द्वारा क्या कहना चाहता है ? (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए ।

१. 'बीती विभावरी' जाग-री' कविता में व्यक्त प्रकृति-चित्रण ।
२. 'सखि वे मुझसे' कहकर जाते' काव्य का संदेश ।

प्र.३ 'बीते दिन कब आने वाले' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए ।

१. 'दुःख नहीं कोई' कविता में निरुपित कवि का अंतःसंघर्ष ।
२. 'सरस्वती वंदना' कविता में राष्ट्रीय भावना ।

प्र.४

(अ) टिप्पीणी लिखिए । **(किन्हीं एक)** (८)

१. 'जो बीत गई' काव्य में निरुपित कवि की पुनर्दप्ति संवेदना ।
२. 'जो तुम आ जाते एक बार' कविता में व्यक्त कवयित्री का वेदना भाव ।

(ब) अतिलघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(किन्हीं सात)** (७)

१. 'काव्य कलश' के संयोजक का नाम लिखिए ।
२. जयशंकर प्रसाद रचित महाकाव्य का नाम लिखिए ।
३. 'दुःख नहीं कोई' कविता का संदेश क्या है ?
४. 'सरस्वती वंदना' गीत में कौन-सा भाव मुखरित हुआ है ।
५. किस काव्यसंग्रह से दुष्यंतकुमार को गजलकार के रुप में प्रसिद्धि मिली ?
६. छायावाद के मुख्य चार कवियों के नाम लिखिए ।
७. संदेह अलंकार की परिभाषा दिजिए ।
८. शब्द शक्ति के कितने प्रकार है : नाम लिखिए ।
९. अभिधा शब्द शक्ति किसे कहते हैं ?

☺☺☺☺☺